# बल्क ड्रग फार्मा पार्क के लिए सीएम की समिति ने किया निरीक्षण

- कार्य की प्रगति देख सीएम की सलाहकार समिति ने की सराहना
- अगले वर्ष तक बल्क ड्रग फार्मा पार्क प्रारम्भ होने की जगी उम्मीद

**ललितपुर, संवाददाता।** मुख्यमंत्री की सलाहकार समिति ने शनिवार को बल्क ड्रग फार्मा पार्क का स्थलीय निरीक्षण किया। फिर फार्मा पार्क के टेबल थ्रीडी माडल और सम्पूर्ण प्रोजेक्ट की डॉक्यूमेंट्री देख टीम ने कार्य की प्रगति पर प्रसन्नता जताई। अगले नौ माह में भूखंडों की आवंटन प्रक्रिया पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए, जिससे यहां औद्योगिक इकाईयां लगनी शुरु हो जाएं और रोजगार के साधन सृजित हों।

मुख्यमंत्री की सलाहकार समिति के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी, आर्थिक सलाहकार डा. केवी राजू, खाद्य सुरक्षा सलाहकार डा. जीएन सिंह का सैदपुर में राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन मनोहरलाल पंथ का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। वहीं डीएम अक्षय त्रिपाठी, एसपी



पार्क का जायजा करते सीएम सलाहकार समिति के सदस्य व राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ।

मोहम्मद मुश्ताक ने बुके भेंट किए। समिति ने सर्वप्रथम मौके पर चल रहे निर्माण कार्यों को देखा। फिर आउटर साईनेज/साइट मैप का अवलोकन कर फार्मा पार्क के थ्रीडी माडल को देखा। प्रोजेक्ट की डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। समिति सदस्यों ने त्वरित गति से मुख्यमंत्री के विजन को धरातल पर उतारने के निर्देश दिये। सलाहकार मुख्यमंत्री अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा कि जमीन का आवंटन शुरू हो गया है। उनका अगला लक्ष्य नौ माह में जमीनों का आवंटन पूर्ण कराना है। जिससे यहां नई औद्योगिक इकाइयां लगना शुरू हो जाएं। इंडस्ट्रीज आने से ललितपुर में विकास के नये आयाम स्थापित होंगे। सीएम के विजन के अनुरुप इसी वर्ष इसका कार्य पूर्ण करके अगले साल तक यूनिट स्टार्ट करने की कोशिश है।

## 350 एकड़ भूमि पर हो रहा विकास कार्य

बल्क ड्रग पार्क के लिए राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र सैदपुर के स्वामित्व वाली 2000 एकड़ में से 1472.33 एकड़ भूमि यूपीसीडा को नोडल एजेंसी नामित करते हुए पूर्व में ही हस्तानान्तरित की जा चुकी है। प्रथम चरण में 350 एकड़ भूमि पर विकास कार्य हो रहा है।